

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

*हार मत मानो, क्योंकि हर सुबह नई उम्मीद लेकर आती है। जो गिरकर भी उठे, वही असली विजेता कहलाता है।*

सोमवार 06 जुलाई 2026 वर्ष 02 अंक 175 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एम्स, पटना का किया निरीक्षण, विस्तार के लिए 24 एकड़ भूमि देने की घोषणा



**केशववाणी पटना(बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को एम्स, पटना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, निर्माण कार्यों एवं भविष्य की विकास योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि एम्स, पटना के विस्तार के लिए राज्य सरकार जल्द ही 24 एकड़ भूमि उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि बर्न मरीजों के बेहतर उपचार के लिए स्किन स्टोरेज (स्किन बैंक) की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को समय पर आधुनिक चिकित्सा सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एम्स, पटना से नाथूपुर तक प्रस्तावित चार–लेन सड़क के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने से मरीजों, चिकित्सकों एवं आम लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।इसके अलावा मुख्यमंत्री ने एम्स परिसर स्थित तालाब के जीर्णोद्धार का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तालाब का सौंदर्यीकरण कर उसे पर्यटन एवं आकर्षण के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे अस्पताल परिसर का वातावरण और अधिक बेहतर हो सके। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा आधुनिक चिकित्सा अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एम्स, पटना के समग्र विकास और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए बिहार सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

## बिहारशरीफ में शांतमनी पेपर मिल एलएलपी का उद्घाटन, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया शुभारंभ



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार के विकास पुरुष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने रविवार को बिहारशरीफ स्थित शांतमनी पेपर मिल एलएलपी का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उद्घाटन के बाद श्री कुमार ने पेपर मिल का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्पादन इकाई, आधुनिक मशीनों, निर्माण प्रक्रिया एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी प्रबंधन से प्राप्त की। उन्होंने मिल में उपलब्ध संसाधनों और तकनीकी सुविध. ाओं का अवलोकन करते हुए इसके संचालन की सराहना की। उन्होंने मिल प्रबंधन एवं इससे जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उद्योग न केवल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा, बल्कि नालंदा जिले और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को भी नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के औद्योगिक प्रतिष्ठानों से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर व्यापार और रोजगार का विस्तार होगा। इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ सहित अनेक जनप्रतिनिधि, उद्योग जगत से जुड़े लोग, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शांतमनी पेपर मिल एलएलपी के सफल संचालन की कामना करते हुए इसे नालंदा के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान देश कभी नहीं भूल सकता – मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पर्व के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के दीपनगर स्थित एक सभागार में भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन पूर्व विध. ानसभा प्रत्याशी वीरेंद्र गोप ने किया। सम्मेलन में बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं खनन मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. प्रीति शेखर तथा सह प्रभारी बलराम मंडल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी धर्म के आधार पर देश के विभाजन के विरोधी थे और जम्मू–कश्मीर में लागू विशेष व्यवस्था का उन्होंने सशक्त विरोध किया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब जम्मू–कश्मीर जाने के लिए देश के नागरिकों को परमिट लेना पड़ता था। उन्हा. ेंने आरोप लगाया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियों के कारण जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू हुआ, जिसके तहत वहां अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रधानमंत्री की व्यवस्था थी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध करते हुए "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे" का नारा दिया।मंत्री ने कहा कि इस आंदोलन के दौरान डॉ. मुखर्जी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जहां 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु को लेकर आज भी कई सवाल उठते हैं और इतिहास इसका उत्तर मांगता है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग मंत्री थे, लेकिन जब उन्हें लगा कि सरकार राष्ट्रीय हित और भारतीय संस्कृति के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है, तब उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल. ष्ण आडवाणी और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उसी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं।प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के संघर्ष और बलिदान के कारण ही जम्मू–कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना रहा।

उन्होंने कहा कि आज देश में जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता का वातावरण दिखाई देता है, उसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार, प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रीति शेखर तथा अन्य नेताओं ने भी संबोधित करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, रुचि श्रीवास्तव, अमित पासवान, अमरकांत भारती, डॉ. आशुतोष कुमार, अमरेश कुमार, अधिवक्ता रणविजय सिंह, तेजस्विता राधा, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष अनिता कुमारी, रीना सिन्हा, प्रविला देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसागर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।










अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120,9931609015

# सड़क हादसे में घायल युवक को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल, पेश की मानवता की मिसाल

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने रविवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की मदद कर मानवता की मिसाल पेश की। एक कार्यक्रम से लौटने के दौरान उन्होंने सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े युवक को अपनी गाड़ी से सदर अस्पताल पहुंचाया और उसके समुचित इलाज की व्यवस्था कराई। जानकारी के अनुसार, नूरसराय थाना क्षेत्र के खरजमा गांव निवासी 25 वर्षीय सूरज कुमार दीपनगर थाना क्षेत्र के गोला के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़े थे। उसी समय सांसद कौशलेंद्र कुमार एकंगरसराय में आयोजित उद्घाटन समारोह से बिहारशरीफ लौट रहे थे। रास्ते में भीड़ देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और घटना की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने सांसद को बताया कि काफी देर से 102 एंबुलेंस सेवा पर संपर्क करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए सांसद ने बिना देर किए उसे अपनी सरकारी गाड़ी में बैठाया। इसके लिए उन्होंने अपने साथ चल रहे एक सहयोगी को वाहन से नीचे उतार दिया और स्वयं घायल युवक को लेकर तत्काल बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे।




अस्पताल पहुंचने के बाद सांसद ने जिलाधिकारी और सिविल सर्जन से फोन पर बात कर घायल के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन सिर में गंभीर चोट और कान से रक्तस्राव होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उसे पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक को अंदरूनी चोट लगने की आशंका है, जिसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सा की आवश्यकता है। इस दौरान सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि आज के समय में लोगों को मानवता और संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, यदि किसी जरूरतमंद की समय पर मदद की जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। हमें हमेशा यह सोचना चाहिए कि यदि ऐसी परि. स्थिति हमारे या हमारे परिवार के किसी सदस्य के साथ हो, तो हमें भी दूसरों की मदद की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने समाज से अपील की कि सड़क दुर्घटना या किसी भी आपात स्थिति में घायल व्यक्ति की मदद करने से पीछे नहीं हटें। सांसद ने अस्पताल प्रशासन द्वारा समय पर उपचार शुरू किए जाने की सराहना करते हुए घायल युवक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# नालंदा में युवक को मारी गोली, गंभीर हालत में पटना रेफर; जांच में जुटी पुलिस



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के भोकिलापर गांव में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घायल की पहचान भोकिलापर गांव निवासी उदय यादव के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रा. थमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल गोली. बारी के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही गोलीबारी के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# मॉब लिंचिंग पर पटना हाई कोर्ट बार अध्यक्ष का बयान, कानून हाथ में लेना अपराध

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** पटना हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को राजगीर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने चर्चित झुनकिया बाबा मंदिर मॉब लिंचिंग कांड की घटनास्थल पर जाकर तहकीकात की। उनके द्वारा स्थानीय लोगों और मंदिर के महंत से मुलाकात कर घटना से संबंधित जानकारी ली गयी। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता डॉ. गोपाल कृष्ण, इंडियन एसोसिएशन के अधिवक्ता रामजीवन प्रसाद सिंह, डॉ. राजाराम राय, राजगीर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश सिंह तथा महासचिव लालमोहन प्रसाद सिंह सहित अन्य अधिवक्ता शामिल थे। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मामले की विभिन्न पहलुओं से समीक्षा की। इस दौरान वरीय अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा ने कहा कि कानून किसी भी व्यक्ति को अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं देता। किसी भी परिस्थिति में मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं न्यायसंगत नहीं ठहराई जा सकती है। उन्होंने झुनकिया बाबा मंदिर की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। उनका कहना था कि यदि किसी व्यक्ति पर अपराध का संदेह था तो उसे भीड़ द्वारा हिंसा का शिकार बनाने के



बजाय पुलिस के हवाले किया जाना चाहिए था। उन्होंने घटना के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाया। अधिवक्ता वर्मा ने कहा कि मलमास मेला के दौरान घटनास्थल पर टेंट–पंडाल में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके बावजूद यदि किसी व्यक्ति की भीड़ द्वारा पीट–पीटकर हत्या हो जाती है तो वहां मौजूद सरकारी कर्मियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में केवल भीड़ ही नहीं, बल्कि अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल संबंधित सरकारी अधिकारी और कर्मी भी समान रूप से उत्तरदायी हैं। तहकीकात के बाद प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता से मुलाकात कर राजगीर बार एसोसिएशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और न्यायिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल कार्यालय परिसर में शीघ्र फ्रैंकिंग मशीन स्थापित कराने की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में अधिवक्ताओं को वेलफेयर टिकट सहित अन्य आवश्यक सामग्री के लिए बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अनावश्यक बर्बादी होती है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने राजगीर अनुमंडल में दंडाधिकारियों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने तथा अनुमंडल स्तर पर न्यायिक व्यवस्था शुरू करने की मांग भी उठाई। एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा अपने स्तर से संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया।

# नालंदा में जमीनी विवाद में चली ताबड़तोड़ गोलियां, वीडियो वायरल; तीन आरोपी गिरफ्तार



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग खुलेआम फायरिंग और रोड़ेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को रामपुर गांव निवासी जीतन यादव और उमेश यादव के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ। देखते ही देखते कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि उमेश यादव ने पिस. तौल निकालकर करीब आठ राउंड फायरिंग कर दी। घटना के दौरान गांव में अफरा–तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने मौके से तीन खोखा बरामद किए, जिससे फायरिंग की पुष्टि हुई।रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि पीड़ित जीतन यादव के बयान पर छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने काजीचक–रामपुर मोड़ के समीप एक खेत में छिपे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है तथा फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पुलिस की निगरानी भी बढ़ा दी गई है।

# सोनू हत्याकांड: तीन दिन बाद भी पुलिस हाथ खाली ग्रामीणों में अंसोष बढ़ा, सोमवार तक खुलासे की उम्मीद

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना के क्षेत्र के शिवाजी नगर मोहल्ले में पैथोलॉजी संचालक सोनू कुमार की हत्या के तीन दिन बाद भी पुलिस मुख्य आरोपितों तक नहीं पहुंच सकी है। ज्ञात हो कि  गुरुवार देर रात्रि तेज धारदार हथियार से हुए हमले में गंभीर रूप से घायल सोनू की शुक्रवार को पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने 24 से 48 घंटे के भीतर गिरफ्तारी का दावा किया था, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में चार संदिग्धों की पहचान की गई है। उनकी मोबाइल लोकेशन खंगाली जा रही है, लेकिन लगातार ठिकाना बदलने के कारण गिरफ्तारी में कठिनाई आ रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने पूछताछ के लिए एक–दो लोगों को हिरासत में भी



लिया है, हालांकि अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिली है।जांच में यह भी सामने आया है कि घटना से पहले गुरुवार रात 10:41 बजे सोनू के मोबाइल पर एक परिचित महिला के नंबर से कॉल आया था, जिसके बाद वह रात 11:05 बजे स्कूटी से शिवाजी नगर पहुंचे, जहां उन पर हमला हुआ। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। स्थानीय स्तर पर विभिन्न चर्चाएं हैं, लेकिन पुलिस ने किसी भी संभावित कारण या संबंध की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे संदिग्धों की तस्वीर सार्वजनिक करती, तो उनकी पहचान करने में लोगों का सहयोग मिल सकता था।लगातार हो रही देरी से लोगों में पुलिस कार्रवाई को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। वहीं थानाध्यक्ष इंस्पे. क्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि अनुसंधान में लगे हुए हैं।सोमवार को खुलासा हो सकता है।



# भामाशाह के आदर्शों को अपनाकर समाज को संगठित एवं शिक्षित बनाने का लिया गया संकल्प, 70 वी बीपीएससी उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिला तैलिक महासभा के तत्वावधान में आयोजित ष्भामाशाह सम्मान समारोहष रविवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के महापुरुष दानवीर भामाशाह के त्याग, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया गया। समारोह में बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद, समाज कल्याण मंत्री डॉ. स्वेता गुप्ता, बिहार विधानसभा के सचेतक संजीव चौरसिया, विधायक हेमनारायण साह, एमएलसी ललन सर्राफ, विधायक सुनील कुमार पिंटू, पटना की मेयर सीता साहू, शिशिर कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने कहा की आज भी मेरा समाज आगे बढ़ रहा है. नीतीश कुमार के कारण वैश्य समाज का सम्मान बढ़ा है. बिहार मे नीतीश कुमार और केंद्र की मोदी सरकार मे वैश्य समाज की प्रतिष्ठा बढ़ा है. श्रंइ से अतिपिछड़ा मे जोड़ा गया तब से लगातार समाज आगे बढ़ रहा है ल. बच्चो को अच्छी शिक्षा देने की बात कही. समाज को कहा की अपने परिवार मे बच्चो को उच्च शिक्षा देने का काम करें. मेरे वंश मे कोई विधायक सांसद नहीं था. भाजपा मे काम किये पार्टी की कृपा से आज मंत्री बना हूँ. वैश्य समाज से 28–30 विधायक, विधान पार्षद और सांसद है वैश्य समाज से पांच मंत्री है. उन्होंने आश्वासन दिया की आपको कभी जरुरत पड़े आपकी सेवा मे मैं हाजिर रहूँगा. कार्यक्रम के संयोजक प्रद्युम्न कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज को एक सूत्र में बांधना है। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होगा, तभी राष्ट्र भी मजबूत होगा। दानवीर भामाशाह ने अपने जीवन से त्याग, सेवा, शिक्षा और राष्ट्रहित का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा को प्राथमिकता देने, युवाओं को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अनिल कुमार ने की। उन्होंने कहा कि भामाशाह केवल




महान दानवीर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और लोककल्याण के प्रतीक थे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि समाज और राष्ट्र के हित में किया गया प्रत्येक योगदान अमूल्य होता है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर विधानसभा के सचेतक संजीव चौरसिया ने भामाशाह के जीवन एवं योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यदि समाज को आगे बढ़ाना है तो बच्चों को बेहतर शिक्षा देना, उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करना तथा राजनीति एवं प्रशासन में उनकी भ. ागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, ऐसे में समाज को भी संगठित होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सर्राफ ने कहा कि भामाशाह सम्मान समारोह जैसे आयोजन समाज में शिक्षा, प्रतिभा सम्मान और सामाजिक एकता को नई दिशा देते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ–साथ समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं।समारोह का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान रहा। इस दौरान समाज के लगभग 70 मेधावी विद्यार्थियों, जिन्होंने बी.एससी. परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन्हें प्रशस्ति–पत्र एवं सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। सम्मानित विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन त्याग, सेवा, राष्ट्रभक्ति, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अपने धन, संसाधन और जीवन को समाज एवं राष्ट्र के लिए समर्पित कर यह सिद्ध किया कि व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसके परोपकार और समाज के प्रति समर्पण से होती है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में भामाशाह के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता और युवा सशक्तिकरण को नई दिशा दी जा सकती है। समारोह का समापन समाज की एकता, शिक्षा के व्यापक प्रसार, प्रतिभाओं के सम्मान तथा दानवीर भामाशाह के आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में शैलेंद्र जी ,अवधेश मुखिया जी, अरुण सैनी जी, विनोद वर्णवाल जी, सुदेश जी , डॉ श्याम बिहारी जी , डॉ सचिन जी , वार्ड पार्षद सोनू जी , विनीत चौधरी जी, राजेश गुप्ता जी , अर्जुन जी, भूषण जी , धर्मेंद्र जी चिंटू जी के साथ साथ बड़ी संख्या में समाज के बुद्धिजीवी, शिक्षक, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वेना थाना पुलिस ने उफ़रौल गांव से 6 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहूई(नालंदा)।** रहूई प्रखंड अंतर्गत वेना थाना पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को बड़ी कार. 'वाई की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के उफ़रौल गांव में छापेमारी कर सिद्धेश्वर मांझी के पुत्र मंगल मांझी को 6 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने मौके से हिरासत में लेकर थाना लाया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की गई। वेना थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि नालंदा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पूरे थाना क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शराब के धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की लगातार कार्रवाई से शराब कारोबारियों और नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप का माहौल है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में कानून–व्यवस्था बनाए रखने और शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। फिलहाल इस कार्रवाई के बाद पुलिस पूरे इलाके में सतर्क है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# हरनौत प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिलाई गई सतर्कता शपथ




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहूई(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट परिसर में शनिवार को पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करने का संकल्प लिया।शपथ के दौरान सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने लोक सेवक के रूप में अपने सभी कार्यों का निष्पादन ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि अपने सभी कार्यों के संचालन में संबंधित कानूनों, नियमों एवं प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन करेंगे तथा जनहित को सर्वोपरि रखेंगे।वीडियो में छात्र बिना किसी भय के मा. 'बाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए उत्तर लिखते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, कई छात्र परीक्षा के नियमों की अनदेखी करते हुए एक–दूसरे के बिल्कुल पास बैठकर उत्तर पुरि. तका भर रहे हैं। इससे परीक्षा की निष्पक्षता और विद्यालय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में भी हलचल मच गई है। लोग इस वीडियो को साझा कर शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले में विद्यालय प्रबंधन या शिक्षा विभाग की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# बिंद में कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, संगठन मजबूत करने पर जोर

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के बिंद प्रखंड में रविवार को अतिपिछड़ा विकास मंच के बैनर तले कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनू कुमार ने की। सम्मेलन में संगठन के विस्तार, अतिपिछड़ा समाज के अधिकारों, सामाजिक न्याय और राजनीतिक भ. ागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कई नए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शेखपुरा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार चंद्रवंशी, राष्ट्रीय ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद, ईबीसी कांग्रेस बिहार के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण पंडित, अधिवक्ता देवेंद्र राम चंद्रवंशी, सीताराम सिंह चंद्रवंशी, महेंद्र राम चंद्रवंशी सहित कई कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बिहार सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि नालंदा सहित कई जिलों में हत्या, लूट और डकैती जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार कानून–व्यवस्था बनाए रखने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अतिपिछड़ा समाज पर अत्याचार की



घटनाएं बढ़ रही हैं और सरकार उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा करने में असफल रही है।राष्ट्रीय ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में अतिपिछड़ा समाज को संगठित कर उन्हें राजनीतिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव–गांव जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वही युवा नेता सोनू कुमार ने लोगों से अपील की की सभी अति पिछड़ा समाज एकजुट हो और समाज को मजबूत करें। सम्मेलन में वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015



# ट्राइबल खेल प्रतिभा खोज के लिए पूर्णिया और कटिहार में चलाया गया विशेष अभियान,बैट्री टेस्ट के बाद 112 लड़कियों सहित कुल 350 से ज्यादा खेल प्रतिभाओं का हुआ चयन

## अगले चरण में जमुई,रोहतास,बेतिया और कैमूर के जनजातीय इलाकों में होगी खेल प्रतिभा खोज

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** राज्य में 12 से 14 आयुवर्ग के जनजातीय खेल प्रतिभा खोज के लिए पूर्णिया और कटिहार में 2 जुलाई से चार दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि 2 जुलाई से जनजातीय क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (ठै।) द्वारा एथलेटिक्स प्रतिभा खोज अभियान का प्रथम चरण आयोजित किया गया।चार दिनों तक पूर्णिया एवं कटिहार जिलों के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में चले अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के प्रतिभाशाली बालक एवं बालिकाओं की पहचान करना था, ताकि उन्हें आगे बढ़ने का उचित अवसर और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। 12 से 14 आयुवर्ग के खेल प्रतिभा खोज में 1000 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया और बैट्री टेस्ट के बाद 112 लड़कियों सहित कुल 350 से ज्यादा खेल प्रतिभ. ाओं का प्राथमिक चयन किया गया है जिनमे से पुनः उनकी क्षमता और प्रतिभा का मूल्यांकन कर राज्य के विभिन्न एकलव्य खेल प्रशिक्षण केंद्रों के लिए चयनित किया जाएगा। प्रतिभा चयन के अगले फेज में जमुई, रोहतास,बेतिया और कैमूर के जनजातीय बहुल इलाकों में यह अभियान चलाया जाएगा। जनजातीय खेल प्रतिभा खोज के इस अभियान की आवश्यकता पर श्री शंकरण ने कहा कि पूर्व में पटना, राजगीर तथा अन्य स्थानों पर आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रमों के दौरान यह अनुभव किया गया कि जनजातीय एवं दूर–दराज़ क्षेत्रों के अनेक प्रतिभाशाली बच्चे आर्थिक, सामाजिक एवं भौगोलिक कारणों से चयन प्रक्रिया तक पहुँच ही नहीं पाते थे। ऐसे में उनकी प्रतिभा सामने आने से पहले ही पीछे रह जाती थी।इसी चुना. ैती को ध्यान में रखते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने इस बार बच्चों को अपने केंद्रों तक बुलाने के बजाय स्वयं उनके गाँवों और जनजातीय क्षेत्रों तक पहुँचकर प्रतिभा खोज अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी केवल संसाधनों या अवसरों की कमी के कारण खेलों से वंचित न रह जाए।



इस अभियान के माध्यम से चयनित बच्चों को उनके नज़दीकी एकलव्य केंद्रों से जोड़ा जाएगा, जहाँ उन्हें तीरंदाजी, एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों में उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुसार प्रशिक्षण और प्रोत. साहन प्रदान किया जाएगा। यदि किसी क्षेत्र में खिलाड़ियों की संख्या और आवश्यकता अधिक होती है, तो वहाँ नए एकलव्य केंद्र स्थापित करने पर भी विचार किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को अपने क्षेत्र के निकट ही गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। भारत सरकार द्वारा जनजातीय खिलाड़ियों के लिए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू किया गया है। ऐसे में यह प्रतिभा खोज अभियान बिहार के लिए विशेष महत्व रखता है।



इस पहल के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों की प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे भविष्य में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स तथा अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बिहार का प्रतिनिधित्व कर सकें। यह अभियान केवल खिलाड़ियों की खोज तक सीमित नहीं है, बल्कि जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों को खेलों के माध्यम से नई पहचान, बेहतर अवसर और उज्ज्वल भविष्य देने की दिशा में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जनजातीय खेल प्रतिभा खोज में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षक मो० हारून अंसारी,अविनाश सिंह,अभिषेक कुमार,विभाष कुमार,कोमल कुसारी,पूर्णिया एथलेटिक्स संघ के सचिव एएम एच रहमान, चंदन कुमार कटिहार से प्रशिक्षक चन्द्र भूषण सिंह करिहार एथलेटिक्स संघ के प्रशिक्षक साहिल अंसारी आदि की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर नालंदा ब्लड ग्रुप टीम का सम्मान, सैयद कामरान अशरफी हुए सम्मानित

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** सामाजिक संस्था नालंदा ब्लड ग्रुप टीम को सासाराम में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मा. नित किया गया। टीम के संचालक सैयद कामरान अशरफी को यह सम्मान सीआईडी के डायरेक्टर विपिन कुमार एवं कार्यक्रम के आयोजक बामेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा नेपाल और भूटान से भी कई समाजस. ेवी शामिल हुए। नालंदा ब्लड ग्रुप टीम को रक्तदान और मानव सेवा के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान दिया गया।सम्मान मिलने के बाद टीम के सदस्यों और जिले के कई समाजसेवियों ने सैयद कामरान अशरफी एवं पूरी टीम को बधाई दी। टीम के सदस्यों ने बताया कि संस्था कई वर्षों से नालंदा सहित अन्य जिलों में भी जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने और रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। इस सेवा कार्य के लिए टीम को पहले भी कई सम्मान मिल चुके हैं। टीम का कहना है कि उनका उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद और बेसहारा लोगों की हरसंभव मदद कर मानवता और इंसानियत की मिसाल पेश करना है।

# धूमधाम से मनी जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी की 11वीं वर्षगांठ, राजगीर एक कल्याण भूमि : प्रतीक जैन



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर (नालंदा)।** श्री जैन श्वेताम्बर कोठी नौलखा मंदिर में स्थित श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी की 11वीं वर्षगांठ रविवार को धूमधाम से मनायी गयी। दादाबाड़ी में दादा गुरुदेव की पूजा हुई। गोगोलॉव रांची के अनोपचंद जी बोथरा परिवार की ओर से ध्वजा चढ़ाई गई। इस दादाबाड़ी का निर्माण मरूधरज्योति साध्वीवर्या श्री मणिप्रभाश्री जी महाराज साहब की प्रेरणा से पांच माह में राजस्थान के कुशल कारीगरों द्वारा 2015 में किया गया था। तब से लेकर आज तक इसके शिखर पर बोथरा परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया जा रहा है। वीरायतन की साध्वी यशा जी महाराज एवं साध्वी साधना जी महाराज भी इस पूजा में शामिल हुई। साध्वी यशा जी ने कहा कि वे लोग बहुत भाग्यशाली होते हैं जिन्हें मंदिर जी के शिखर पर ध्वजा चढ़ाने का लाभ मिलता है। कल्याणक भूमियों में ऐसा लाभ बहुत ही संयोग से मिलता है। ट्रस्टी प्रतीक जैन ने कहा कि कल्याणक भूमि की यात्रा बहुत ही संयोग से होती है। राजगीर एक ऐसी कल्याणक भूमि है जहां जैन धर्म के अलावा अन्य धर्मों का भी समावेश है। तीर्थंकरों के बताये रास्ते को अपनाएं तो विश्व में पुनरू शांति एवं भाईचारा का माहौल बन सकता है। इस मौके पर पूज्य दमणेन्द्र विजय जी महाराज साहब उर्फ देबु महाराज, कौशल पटवारी, राजेश बुच्चा, नीतीन जैन, सुखराज जैन, वीरेन्द्र कुमार जैन, जैन श्वेताम्बर कोठी के सहायक प्रबंधक ज्ञानेन्द्र पांडेय, कैशियर संजीव कुमार जैन, प्रो. ब्रह्मदेव उपाध्याय, मानसी प्रतीक जैन, श्वेता पटवारी, रीना बुच्चा, विभा जैन, ईशा जैन, प्रियंका जैन, कंचन जैन, सुषमा पांडेय, रूपा जैन, रितिका जैन, परी जैन, ईशान जैन सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

# भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ, नालंदा की आमसभा संपन्न, निजी विद्यालयों से जुड़े मुद्दों पर सरकार से की कई मांगें

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ, नालंदा की आमसभा रविवार को भगवान बुद्ध हाई स्कूल, कल्याणपुर (बिहारशरीफ) में आयोजित की गई। बैठक में जिले के निजी विद्यालयों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सरकार एवं शिक्षा विभाग के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। आमसभा में नए निजी विद्यालयों की प्रस्वीकृति, पूर्व से संचालित प्रस्वीकृत विद्यालयों के नवीनीकरण, आरटीई के तहत बकाया प्रतिप. ूर्ति राशि, यू–डायस (न्कैप्) संबंधी समस्याएं, शिक्षा विभाग द्वारा लगातार कराई जा रही जांच, व्यावसायिक बिजली बिल तथा नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे व्यावसायिक कर सहित अन्य विषयों पर विचार–विमर्श किया गया।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं विद्यालय संचालकों ने निजी विद्यालयों के प्रति सरकार और शिक्षा विभाग के कथित शोषणकारी रवैये पर चिंता और रोष व्यक्त किया। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में राज्य सरकार से मांग की गई कि निजी विद्यालयों की प्रस्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा पहले से प्रस्वीकृत विद्यालयों के नवीनीकरण की अवधि बढ़ाकर सात वर्ष की जाए। संगठन ने कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत कक्षा आठ तक संचालित निजी विद्यालय व्यावसायिक श्रेणी में नहीं आते और उनका संचालन ट्रस्ट या प्रबंधन समिति द्वारा किया जाता है। इसके बावजूद इन विद्यालयों से व्यावसायिक दर पर बिजली बिल एवं नगर निगम कर वसूला जाना अनुचित और गैरकानूनी है।



संगठन ने सरकार से इस व्यवस्था में तत्काल सुधार करने की मांग की।आमसभा में यह भी कहा गया कि कोरोना महामारी के बाद से निजी विद्यालयों पर लगातार विभागीय जांच का दबाव बढ़ा है। एक जांच पूरी होने से पहले दूसरी जांच शुरू कर दी जाती है, जिससे विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावित हो रही है। संगठन ने सरकार से मांग की कि निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ शीघ्र बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए तथा शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने वाले नियमों एवं शोषणकारी नीतियों की समीक्षा की जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो राज्यभर के निजी विद्यालय सामू. हिक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। आमसभा में भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कार्यकारी प्रभारी भारत मानस, जिलाध्यक्ष मो. जाहिद अनवर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार प्रसाद सिन्हा, सचिव रंजीत कुमार सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सैकड़ों निजी विद्यालय संचालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संगठन की संरक्षिका श्रीमती रेखा भारती सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद् एवं विद्यालय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।







